# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

## दिनांक 20 सितम्बर, 2016 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की कार्यवाही

उपस्थित

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 एस0बी0 निमसे | अध्यक्ष / कुलपति |
| 2. | प्रो0 यू0एन0 द्विवेदी प्रतिकुलपति | सदस्य |
| 3. | श्री रतन कुमार | सदस्य |
| 4. | प्रो0 नन्दलाल भारती | सदस्य |
| 5. | प्रो0 रीता चौधरी | सदस्य |
| 6. | प्रो0 बालक दास | सदस्य |
| 7. | प्रो0 बी0के0 तिवारी | सदस्य |
| 8. | डॉ0 अवधेश कुमार | सदस्य |
| 9. | डॉ0 एम0एस0 नक़वी | सदस्य |
| 10. | श्री अनिल कुमार सिंह | सदस्य |
| 11. | प्रो0 सूर्य कान्त | सदस्य |
| 12. | श्री सुरेश चन्द्र तिवारी | सदस्य |
| 13. | प्रो0 आभा अवस्थी | सदस्य |
| 14. | डॉ0 श्याम बाबू गप्ता | सदस्य |
| 15. | डॉ0 हरिभाऊ गोपीनाथ खाण्डेकर | सदस्य |
| 16. | श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय | विशेष आमंत्रित |
| 17. | श्रीमती भावना मिश्रा | कुलसचिव / सचिव |

Bmishra
21/09/16

Scanned by CamScanner

बैठक के आरम्भ में सर्वप्रथम कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद ने सभी मा0 सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने कार्यपरिषद में नवागत मा0 सदस्य प्रो0 नन्द लाल भारती, लोक प्रशासन विभाग, प्रो0 बालक दास, भौतिक विज्ञान विभाग एवं डॉ0 अवधेश कुमार, वाणिज्य विभाग का स्वागत किया एवं परिषद में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले मा0 सदस्य प्रो0 पदमकान्त, रसायन विज्ञान विभाग, प्रो0 राकेश कुमार सिंह, विधि विभाग एवं डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला, रक्षा अध्ययन विभाग को कार्यपरिषद में समय–समय पर अपना सुझाव देने एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। तदोपरान्त मा0 कुलपति/अध्यक्ष महोदय ने कुलसचिव/सचिव को बैठक की कार्यवाही आरम्भ करने के निर्देश दियेः–

## कार्यसूची

मदसं0(01.) कार्य परिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 11.08.2016 के विनिश्चय सं0 06 पर अंकित असिस्टेन्ट प्रोफेसर इलेक्ट्रानिक्स (भौतिक विज्ञान विभाग ) विज्ञापन सं0 एस0एफ0 02/2016 के अर्न्तगत चयन समीति की संस्तुति दिनांक 08.08.2016 पर सम्यक विचारोपरान्त माननीय सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रानिक्स विषय के विषय विशेषज्ञ के सम्बन्ध में उठाई गई आपत्ति पर माननीय कुलपति द्वारा प्रकरण पर आख्या प्रस्तुत की गई, तद्नुसार चयन समिति की संस्तुतियॉ पुनः अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**मा0 कुलपति महोदय ने संदर्भित प्रकरण पर कार्य परिषद की बैठक दिनांक 11.08.2016 के विनिश्चय संख्या–06 के क्रम में मा0 सदस्यों की जिज्ञासा के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया। तदोपरान्त परिषद द्वारा चयन समिति की संस्तुति दिनांक 08.08.2016 को यथावत स्वीकार किया गया, जिसमें 02 असिस्टेन्ट प्रोफसेर इलेक्ट्रानिक्स (भौतिक विज्ञान विभाग) को संविदा/नियत वेतन पर वरीयता क्रम में नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।**

**01. सुश्री प्रिया गुप्ता**
**02. श्री अशोक कुमार भदौरिया**

(क) परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में गठित एपराइजल कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर कम्प्यूटर सांइस विभाग में कार्यरत शिक्षक को संविदा/नियत वेतन पर वेतन बढोत्तरी के सम्बन्ध में विचार।

**परिषद ने एपराइजल कमेटी की संस्तुति दिनांक 21 जुलाई, 2016 को यथावत स्वीकार किया और डॉ0 राजेश कुमार गौतम को कम्प्यूटर सांइस विभाग में**

Bmishra

Scanned by CamScanner

असिस्टेन्ट प्रोफेसर संविदा/नियत वेतन रू0 30,000/– पर अग्रिम 5 वर्षो हेतु नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया। डॉ0 गौतम को देय नियत वेतन में प्रत्येक वर्ष रू0 2500/– की बढोत्तरी करने का निर्णय भी वित्त समिति संस्तुति दिनांक 20.07.2015 के आधार पर लिया गया।

(ख) परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में गठित एपराइजल कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर पत्रकारिता विभाग में कार्यरत 02 शिक्षकों को संविदा/नियत वेतन पर वेतन बढोत्तरी के सम्बन्ध में विचार।

परिषद ने एपराइजल कमेटी की संस्तुति दिनांक 21 जुलाई, 2016 को यथावत स्वीकार किया और श्री पिन्टू जोरडर एवं सुश्री सुरभि यादव को असिस्टेन्ट प्रोफेसर पत्रकारिता विभाग में संविदा/नियत वेतन रू0 30,000/– पर अग्रिम 5 वर्षो हेतु नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया। श्री पिन्टू जोरडर एवं सुश्री सुरिभ यादव को देय नियत वेतन में प्रत्येक वर्ष रू0 2500/– की बढोत्तरी करने का निर्णय भी वित्त समिति संस्तुति दिनांक 20.07.2015 के आधार पर लिया गया।

(ग) परिषद द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में गठित एपराइजल कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर पर्यटन अध्ययन संस्थान में कार्यरत शिक्षक को संविदा/नियत वेतन पर वेतन बढोत्तरी के सम्बन्ध में विचार।

परिषद ने एपराइजल कमेटी की संस्तुति दिनांक 21 जुलाई, 2016 को यथावत स्वीकार किया और डॉ0 प्रीति मदन शार्मा, डॉ0 अमर कुमार तिवारी एवं डॉ0 सुयश यादव को असिस्टेन्ट प्रोफेसर पर्यटन अध्ययन संस्थान में संविदा/नियत वेतन रू0 30,000/– पर अग्रिम 5 वर्षो हेतु नियुक्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया। डॉ0 प्रीति मदन शर्मा, डॉ0 अमर कुमार तिवारी एवं डॉ0 सुयश यादव को देय नियत वेतन में प्रत्येक वर्ष रू0 2500/– की बढोत्तरी करने का निर्णय भी वित्त समिति संस्तुति दिनांक 20.07.2015 के आधार पर लिया गया।

(घ) माननीय उच्च न्यायालय में योजित वाद संख्या 1355/2016 के निर्णय के अनुपालन में डा0 श्रीमती श्रद्वा चन्द्रा कटियार के प्रकरण पर गठित अनुशासनिक समिति द्वारा लिए गए निर्णय पर विचार।

परिषद के समक्ष डा0 श्रीमती श्रद्वा चन्द्रा कटियार के सम्बन्ध में अनुशासनिक समिति की आख्या विचारार्थ प्रस्तुत की गयी जिसमें अनुशासनिक समिति ने डा0 श्रीमती श्रद्वा चन्द्रा कटियार को अनुशासनहीनता का दोषी पाया। परिषद ने सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि डॉ0 डा0 श्रीमती श्रद्वा चन्द्रा कटियार को चेतावनी देकर यह कहा जाये कि वे इस तरह की अनुशासनहीनता की

Amishra

Scanned by CamScanner

पुनरावृत्ति भविष्य में न करें तथा चेतवनी देकर संदर्भित प्रकरण को समाप्त किये जाने का निर्णय लिया गया।

(ड). परिषद द्वारा वित्त समिति की सम्पन्न बैठक दिंनाक 02.09.2016 की संस्तुतियॉ माननीय कार्य परिषद सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**परिषद ने वित्त समिति की संस्तुति दिंनाक 02.09.2016 को यथावत स्वीकर कर उस पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।**

(च). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत पी0एच0डी0 प्रवेश सम्बन्धी मानकों के आधार पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित पी0एच0डी0 प्रवेश नियमावली माननीय कार्य परिषद सदस्यों के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ ।

परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत **Doctor of Philosphy (Ph.D) Ordinace 2016 (Amended as per UGC regulation/notification dated May 5, 2016 and puplished in Gazette of India no. 278 dated July 5, 2016)** को यथावत स्वीकर कर उस पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में माननीय अध्यक्ष/कुलपति महोदय एवं सचिव/कुलसचिव द्वारा समस्त माननीय कार्य परिषद सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं अध्यक्ष की अनुमति से सचिव द्वारा बैठक की समाप्ति की घोषणा की गयी।

Bmishra 21/09/16
(भावना मिश्रा)
कुलसचिव/सचिव

(डॉ0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner